**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**राजस्व विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 229**
**जिसका उत्तर सोमवार, 22 जुलाई 2024/ 31 अषाढ़, 1946 (शक) को दिया गया**

**"गोवा विमानपत्तनों पर सोने की तस्करी और अर्थव्यवस्था पर इसका दुष्प्रभाव"**

229. **कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस:**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) सरकार द्वारा गोवा के दोनों विमानपत्तनों पर सोने की तस्करी के संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) सोने की तस्करी में गोवा के कैबिनेट मंत्री के कर्मचारियों की संलिप्तता के संबंध में प्राप्त शिकायत के विरुद्ध डीआरआई द्वारा क्या कोई कार्रवाई शुरू की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सीमा शुल्क विभाग ने डाबोलिम विमानपत्तन पर सोने की तस्करी करने के लिए नियोजित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सीमा शुल्क विभाग द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने यह खुलासा किया है कि इस कार्य का संबंध विदेशों से संचालित होने वाले खतरनाक राष्ट्र- विरोधी तत्वों से है और सीमा शुल्क विभाग ने इस मामले को सरकार के समक्ष उठाया है ताकि तस्करी की गतिविधि में शामिल समाज के लोगों के साथ बड़े रैकेट और सांठगांठ का पता लगाया जा सके; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री**
**(श्री पंकज चौधरी)**

(क) सोने की तस्करी को रोकने के लिए, गोवा राज्य के विमानपत्तनों सहित, सीमा शुल्क क्षेत्र संरचनाएं और राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) निरंतर निगरानी रखते हैं और अन्य बातों के साथ-साथ, आसूचना के आधार पर परिचालनात्मक उपाय, अग्रिम यात्री सूचना प्रणाली (एपीआईएस) की सहायता से यात्रियों की प्रोफाइलिंग, जोखिम आधारित अवरोधन और लक्ष्यीकरण, गैर-अंतर्वेधी निरीक्षण, विमान सहित वाहकों की तलाशी तथा अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय करते हैं। क्षेत्र संरचनाओं को तस्करी के नए तरीकों के बारे में नियमित रूप से सुग्राहित किया जाता है। सोने की तस्करी के मामलों का पता चलने पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाती है, जिसमें तस्करी किये गये सोने की जब्ती व अधिहरण भी शामिल है। अप्रैल 2023 व जून 2024 के बीच, मनोहर अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन और डाबोलिम अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन पर क्रमशः 13.08 किलोग्राम तस्करी किए गए सोने की जब्ती के नौ मामले और 22.33 किलोग्राम तस्करी किए गए सोने की जब्ती के चौबीस मामले सामने आए हैं।

(ख) इस सन्दर्भ में प्राप्त शिकायत दिनांकित 03.10.2023 की विषय-वस्तु को सोने की तस्करी पर आसूचना विकसित करते समय ध्यान में रखा गया और साथ ही, डीआरआई ने गोवा के दोनों विमानपत्तनों पर चौकसी बढ़ा दी।

(ग) 5293 ग्राम तस्करी किए गए सोने के पेस्ट की जब्ती के मामले में 19.01.2024 को डाबोलिम विमानपत्तन पर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से दो को विमानपत्तन पर काम करते हुए पाया गया था।

(घ) एवं (ङ) उपरोक्त (ग) में उल्लिखित मामले की जांच में विदेश से संचालित होने वाले राष्ट्र-विरोधी तत्वों के साथ किसी संबंध का पता नहीं चला है।

*******